**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के बुनियादी ढ़ांचे को सुदृढ़ करने में सहयोग करेगी प्रदेश सरकार।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला परिषद चुनाव में भाजपा की जीत को बताया कांग्रेस के लिए निराशाजनक।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश में सुख के नाम पर शुल्क की सरकार चला रहे हैं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।
- बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल से हिमाचल में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित।

- मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा–किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने लिये हैं कई ऐतिहासिक निर्णय।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के मौजूदा बुनियादी ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण में सहयोग करेंगी। मुख्यमंत्री ने शिमला में विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को अपने संसाधन स्वयं सृजित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस विश्वविद्यालय में छात्रावासों के निर्माण में सहयोग करेगी। बैठक में प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया, महाधिवक्ता अनूप रत्न और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला परिषद चुनाव में भाजपा की जीत को कांग्रेस के लिए निराशाजनक करार दिया है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लम्बें समय तक कांग्रेस का दुर्ग रहे शिमला जिला में पार्टी का पंचायत चुनावों में प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। ऐसे में इन नतीजों की गंभीरता से समीक्षा और आत्ममंथन करने की जरूरत है। रोहित ठाकुर ने कहा कि उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के दौरान पार्टी नेताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसमें सरकार के चार साल का कार्यकाल भी शामिल है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि मंत्रिमंडल की बैठक सरकार में किसी प्रकार के मनमुटाव के कारण स्थगित की गई है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश में सुख के नाम पर शुल्क की सरकार चला रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश के लोग आए दिन एक न एक सुख शुल्क से प्रताड़ित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार के ज्यादातर आदेश और अधिसूचनाएं किसी न किसी सेवा को समाप्त करने, संस्थान बंद करने और शुल्क लगाने के लिए जारी हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अब सरकार ने परिवार रजिस्टर की नकल के लिए भी शुल्क लगा दिया है जबकि स्टाम्प से लेकर अन्य आवश्यक जनसुविधाओं की कीमतों को बढ़ाने का भी सरकार ने प्रावधान किया है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी और वर्तमान राजनीतिक हलात से विचलित हैं और उन्हें इस स्थिति से प्रदेश की जनता को अवगत करवाना चाहिए।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के मौके पर 17 सितम्बर को राज्य के लगभग आठ हजार बूथों पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम के संयोजक विक्रम सिंह ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि प्रत्येक बूथ पर प्रदेश की माताएं, बहनें, युवा, बच्चे और समाज के सभी वर्ग के लोग लगभग एक सौ दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री को दीर्घायु और यशस्वी जीवन का आशीर्वाद देंगे। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम केवल दीप प्रज्वलन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रधानमंत्री के प्रति जनता के विश्वास और विकसित भारत के उनके संकल्प में जनभागीदारी का सशक्त प्रतीक बनेगा।

## सिरमौर कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस के सिरमौर जिला प्रभारी धर्मेंद्र धामी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार जनता से किए वायदों को पूरा करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। धामी ने आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार का चार वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है और कांग्रेस फिर से प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयार है और इसके लिए सिरमौर जिला में बूथ–बूथ पर जाएंगे, पार्टी को मजबूत बनाएंगे अभियान शुरू किया गया है।

## बैंक हड़ताल

बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल का आज हिमाचल में भी व्यापक असर देखने को मिला। प्रदेश में आज दिनभर बैंक बंद रहे और बैंक कर्मचारियों ने अपनी मागों को लेकर विभिन्न स्थानों पर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के बैनर तले धरने प्रदर्शन किए। शिमला में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश संयोजक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि अब भी सरकार और बैंक प्रबंधन ने कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी तो 26 अक्तूबर से देशभर में बैंकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी।

## बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने आज हमीरपुर के निकट हरनेड़ गांव में हिम कृषि योजना के तहत निर्मित ऊठाऊ सिंचाई योजना के उद्‌घाटन अवसर पर कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और ऐसे उत्पादों का न्यूनतम मूल्य तय करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि हरनेड़ सिंचाई योजना के आरंभ हो जाने से गांव की लगभग 80 कनाल भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी और इससे किसानों की आय बढ़ेगी। सुनील शर्मा बिट्टू ने गांव वासियों से मुख्यमंत्री के चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान में सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने ये भी कहा कि गांव के लिंक रोड़, रास्तों की मुरम्मत और पुराने कुएं के जीर्णोद्वार के लिए धन राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

## सुरंग

मंडी–मनाली फोर लेन सड़क पर अब यात्रा और सुगम हो गई है। इस सड़क पर बनी दो सुरंगों दयोड़ व हणोगी को आज से यातायात के लिए खोल दिया है। इन सुरंगों के शुरू हो जाने से मंडी से कुल्लू का सफर अब महज एक घंटें में पूरा हो जाएगा। अधिक जानकारी के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता

## सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार जनाधार खो रही है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज और नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है और अब इन चुनावी नतीजों का असर विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। सुरेश कश्यप ने आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार पर चुनावी साल में जनता को बरगलाने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया।

**<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के बुनियादी ढ़ांचे को सुदृढ़ करने में सहयोग करेगी प्रदेश सरकार।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला परिषद चुनाव में भाजपा की जीत को बताया कांग्रेस के लिए निराशाजनक।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश में सुख के नाम पर शुल्क की सरकार चला रहे हैं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।
- बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल से हिमाचल में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित।

- मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहाकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा–किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने लिये हैं कई ऐतिहासिक निर्णये।

———————————————————————